# तेरे कितने है मुझपे एहसान हर घडी मैं जपूँ तेरा नाम

तेरे कितने है मुझपे एहसान,
हर घडी मैं जपूँ तेरा नाम,
श्याम श्याम श्याम बाबा,
श्याम श्याम श्याम।bd।

---

हार के जमाने से मैं,
तेरे दर पे आया था,
सोचा न एक पल तूने,
गले से लगाया था,
संग रहता मेरे हर पल,
सुबह शाम,
हर घडी मैं जपूँ तेरा नाम,
श्याम श्याम श्याम बाबा,
श्याम श्याम श्याम।bd।

---

अपना बना के मुझे,
कभी ठुकराना ना,
जी न सकूंगा बाबा,
कभी बिसराना ना,
मेरी धड़कन मेरा जीवन,
तेरे नाम,
हर घडी मैं जपूँ तेरा नाम,
श्याम श्याम श्याम बाबा,
श्याम श्याम श्याम।bd।

---

तेरे कितने है मुझपे एहसान,
हर घडी मैं जपूँ तेरा नाम,
श्याम श्याम श्याम बाबा,
श्याम श्याम श्याम।bd।

गायक / प्रेषक – मुकेश दीक्षित।
**9997351808**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com